देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 188 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
नए दौर की शुरूआत

# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 31 अक्टूबर 2024

शुभ दिवाली

मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 19.0° | 79924.77

2 हिज्बुल्लाह के नए चीफ टेंपरेरी चीफ | 7 स्मृति ने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ा

# लाखों दीयों से जगमगा उठी रामनगरी

## रामलीला, लेजर शो, लाखों दीयों से जगमग सरयू घाट, नया गिनीज रिकॉर्ड भी बना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अयोध्या। अयोध्या में सीएम योगी के हाथों दीपोत्सव का शुभारंभ हो गया है। इसी के साथ राम की पौड़ी पर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गया है। एक साथ करीब 25 लाख दिए जगमगा उठे हैं। सरयू के दोनों ओर जुटे हजारों लोगों ने इस अनोखे पल को अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर भी उल्लास ला दिया है। इससे पहले सीएम योगी ने राम मंदिर जाकर दीपक जलाया और दीपोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद सरयू के सभी 55 घाटों पर दीये जगमगा उठे। इस बार का मुख्य आकर्षण लेजर शो, ड्रोन शो, आतिशबाजी है। धर्म पथ पर थीमेटिक गेट्स से चलचित्र रामायण लोगों को लुभा रहे हैं।

अवधपुरी अति रुचिर बनाई, देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई। 14 वर्ष बाद वनवास से श्रीराम के लौटने पर त्रेतायुग की खुशी को दृश्यानक आठवें दीपोत्सव में दिख रहा है। इस बार श्रीरामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने की खुशी में दीपोत्सव खास है। साकेत महाविद्यालय से लेकर रामकथा पार्क तक पूरी सड़क यानी रामपथ को पानी से धोकर सुबह ही चमकाया गया था।



शाम होते ही इलेक्ट्रिकल लाइटों की सतरंगी रोशनी की चकाचौंध बरबस सभी को आकर्षित करने लगी। पूरे नगर में लाउडस्पीकर के माध्यम से भक्ति संगीत गुंजायमान हैं। राम की पैड़ी सहित चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित कई जगहों पर 30 हजार वालियंटर 28 लाख दीप बिछाने का कार्य एक दिन पहले ही पूरा कर चुके हैं। 25 लाख दीये को आधे घण्टे के अंदर जलाकर नया रिकॉर्ड बना दिया गया।

दीपोत्सव से पहले भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान (हेलीकाफ्टर) से पहुंचे। योगी ने उनका स्वागत किया। पूरा राम दरबार रथ पर सवार हुआ तो योगी ने अपने हाथों से रथ को खींचा और रामकथा पार्क लाया गया। यहां योगी ने राम की आरती उतारी और राज तिलक किया। राम मंदिर निर्माण के बाद हो रही पहली दीपावली पर पूरे अयोध्या में खास रौनक है।

### अयोध्या गढ़ रहा है नया इतिहासः सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या एक नया इतिहास रच रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरी दुनिया में राम के नाम को जाना है। हमारी संस्कृति को जाना है। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म एक ऐसा धर्म है जिसने सभी को अपने सीने से लगाया। यह धर्म किसी से नफरत नहीं करता है। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां पहले राम के नाम प्रश्न खड़ा करती थीं। अब पूरी दुनिया राम को मान रही है।

### 6 हजार लोगों की मेजबानी

सरकार ने घाटों पर पांच से छह हजार लोगों की मेजबानी की व्यवस्था की है। अन्य लोगों हेतु कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के लिए 40 विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। दीपोत्सव का उद्देश्य धार्मिक नगरी के आध्यात्मिक, पारंपरिक और सांस्कृतिक सार को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम में छह देश म्यांमा, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया और इंडोनेशिया के कलाकारों ने प्रस्तुति दिया। राम जन्मभूमि–बाबरी मस्जिद मामले में पक्षकार इकबाल अंसारी ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''यह सभी के लिए खुशी का क्षण है क्योंकि यह एक उत्सव का अवसर है। हम भी दूसरों की तरह जश्न मना रहे हैं।''

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 260 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कर दिया। इनमें मुंबई के 150 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। राज्य में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों का तबादला करने का निर्देश दिया था, जो तीन वर्ष से अधिक समय से अपने गृह जिलों में सेवारत या वर्तमान पदस्थापन पर हैं।

### पीएम मोदी ने किया 284 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज गुजरात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 284 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं और पर्यटन स्थलों का शिलान्यास और आधारशिला रखी। मोदी दो दिवसीय गुजरात यात्रा पर हैं और आज राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भी भाग लेंगे।

# उत्तराखंड में अब दो दिन होगा दीपोत्सव

## धामी सरकार ने एक नवंबर का भी सार्वजनिक अवकाश किया घोषित

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में भी एक नवंबर को दिवाली पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। दिवाली पर दो तिथियों की वजह से संशय की स्थिति बनी हुई है। 31 अक्तूबर को पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया हुआ था, लेकिन एक नवंबर को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की जा रही थी। जिसके बाद आज प्रदेश सरकार द्वारा एक नवंबर को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने का आदेश जारी कर दिया है।

दीपावली पूजन और दीपदान किस दिन करें इस पर उत्तराखंड में भारी भ्रम है। पंचपुरी हरिद्वार के ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि दीपावली पूजन के लिए प्रदोष काल, निशीथ काल, महा निशीथ काल और स्वाति नक्षत्र केवल 31 अक्तूबर की रात्रि में उपलब्ध हैं। इसलिए दीपावली 31 को मनानी चाहिए। वहीं, चारधाम में एक नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी।

गंगा सभी ने भी एक नवंबर को ही दीपावली मनाने का पंचांग जारी किया है। गंगा सभा का मानना है कि यदि दो दिन की अमावस्या होती है तो दूसरे दिन ही दीपावली पूजन और मां लक्ष्मी का पूजन किया जाना चाहिए। एक तारीख में सूर्योदय के समय भी अमावस्या है और सूर्यास्त के समय प्रदोष काल में भी अमावस्या है। इसलिए एक नवंबर को दीपावली मनानी चाहिए।

मान्यता के अनुसार दीपावली का पर्व सतयुग और उसके बाद त्रेतायुग की दो घटनाओं से जुड़ा है। सतयुग में कार्तिक कृष्ण अमावस्या पर समुद्र मंथन से महालक्ष्मी प्रकट हुई थीं। लक्ष्मी पूजन तभी सतयुग से होता आ रहा है।

### सोना महंगा फिर भी कारोबार सबसे अधिक

इस बार सोने और चांदी पर महंगाई अधिक होने के चलते कम कारोबार की उम्मीद थी। बावजूद इसके सर्राफा बाजार में ही सबसे अधिक कारोबार हुआ। रुद्रपुर में सर्राफा बाजार में करीब 30 करोड़ का कारोबार हुआ। वहीं इलेक्ट्रिक आइटमों की भी खूब बिक्री हुई और यहां भी करीब 30 करोड़ का कारोबार हुआ।

# दीवाली पर दोनों सेनाएं एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराएंगी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत और चीन की सेनाएं लद्दाख में मोर्चे से पीछे हट गई हैं। अब दोनों देशों की सेनाएं अपनी उन परंपरागत चौकियों पर ही तैनात रहेंगी, जहां 2020 में हुई झड़प से पहले होती थीं। सेना के सूत्रों ने बताया कि अब सीमा पर नियमित पेट्रोलिंग ही होगी। यह कदम दोनों देशों के बीच शांति काल की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। सैन्य सूत्रों ने कहा कि दोनों सेनाएं गुरुवार को दिवाली के मौके पर एक–दूसरे को मिठाई देंगी। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक में दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट गई हैं।

सेना के सूत्रों ने कहा कि दोनों सेनाओं के बीच कमांडर लेवल की बातचीत आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल तनाव समाप्त हो गया है और दोनों देशों की चौकियां परंपरागत स्थानों पर पहले की तरह रहेंगी। इस तरह करीब 4 साल के बाद चीन और भारत के बीच सीमा पर हालात सामान्य हुए हैं। माना जा रहा है कि आगे दोनों देशों के रिश्ते थोड़े और सामान्य हो सकते हैं। भारत ने 2020 में हुई झड़प के बाद कड़ा ऐक्शन लेते हुए कई चीनी कंपनियों पर पाबंदी लगा दी थी। इसके अलावा कई सेक्टरों में निवेश को भी नियंत्रित किया गया था।

### एलएसी

■लद्दाख में मोर्चे से पीछे हट गई भारत और चीन की सेनाएं

### साढ़े चार वर्षों चल रहा था टकराव

करीब साढ़े चार वर्षों से यहां पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी, जो आखिरकार मंगलवार को खत्म हो गई। इसके साथ ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर को दोनों स्थानों से सेनाओं को पीछे करने और वहां मौजूद अस्थायी निर्माण, शिविर आदि को हटाने का काम खत्म हो गया।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# लोगों का विश्वास–समर्थन मेरे साथ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के गठबंधन थोड़ी–थोड़ी दरार पड़ती दिख रही है और ये दरार आने वाले समय में उन्हें कितना नुकसान पहुंचाएंगे, ये तो चुनाव के नतीजे ही तय करेंगे। दरअसल महाराष्ट्र में कुछ सीटों और प्रत्याशियों को लेकर दोनों गठबंधनों (महायुति और महा विकास अघाड़ी) में रार की स्थिति है। ये स्थिति ऐसे स्तर पर पहुंच गई है कि दलों की तरफ से अपने गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के लिए प्रचार करने से भी मना किया जा रहा है।

■ भाजपा के विरोध पर नवाब मलिक की दो टूक

एनसीपी नेता और मानखुर्द शिवाजी नगर से उम्मीदवार नवाब मलिक ने कहा, जिस निर्वाचन क्षेत्र से एनसीपी ने मुझे मैदान में उतारा है, मानखुर्द शिवाजी नगर, वहां शिंदे सेना के उम्मीदवार सुरेश पाटिल हैं। भाजपा उनका समर्थन कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए, अगर भाजपा या शिवसेना का शिंदे गुट मेरा विरोध कर रहा है, तो यह हमारे लिए चिंता की बात नहीं है। ऐसा होने की उम्मीद है। लोगों का विश्वास और समर्थन हमारे साथ है। हम दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में जीतेंगे।

# इजरायली सेना की गाजा के बेइत लाहिया में भीषण बमबारी

हमला

## जबालिया, बेइत लाहिया और बेइत हनौन पर बमबारी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजा। उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायल के दो हवाई हमलों में कई महिलाओं तथा बच्चों समेत कम से कम 88 लोगों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। स्थानीय अस्पताल के निदेशक ने बताया कि एक तरफ लाशें हैं दूसरी ओर गंभीर घायलों का इलाज नहीं किया जा रहा है क्योंकि सप्ताहांत इजरायली बलों की छापेमारी के दौरान कई चिकित्सकों को हिरासत में ले लिया गया था। ऐसे में अस्पतालों में डॉक्टर भी नहीं हैं।

इजरायल ने हाल के हफ्तों में उत्तरी गाजा में हवाई हमले तेज कर दिए और एक बड़ा जमीनी अभियान शुरू किया। उसने कहा कि यह हमास के उन आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए है जो युद्ध के एक साल से अधिक समय बाद फिर से संगठित हो गए हैं। इस भीषण लड़ाई ने उत्तरी गाजा में हजारों फिलिस्तीनियों की बिगड़ती मानवीय स्थिति को लेकर चिंता पैदा कर दी है।

गाजा तक पर्याप्त सहायता ना पहुंचने को लेकर चिंताएं सोमवार को बढ़ गईं, जब इजराइल की संसद ने दो विधेयक पारित किए जो फिलिस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को गाजा में सहायता प्रदान करने से रोक सकते हैं। इजरायल का गाजा और कब्जे वाले वेस्ट बैंक, दोनों पर नियंत्रण है, और यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी वहां कैसे काम करेगी।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में दो हमले हुए। पहले हमले में एक पांच मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई और 23 लापता हैं। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए लोगों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बेत लाहिया पर शाम को दूसरे हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई।

इजरायल ने एक बार फिर ईरान को खुली धमकी दी है। इजरायल ने कहा कि अगर ईरान ने एक बार फिर उसके जमीन पर हमला किया तो उसे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। इजरायली सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि यदि ईरान ने इजरायल पर एक और मिसाइल हमला करने की गलती की तो इजरायली सेना उस पर जोरदार हमला करेगी।

इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमलों के बाद अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन ने चेतावनी देते हुए कहा, ईरान को इजरायल के हमलों का जवाब देने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ेगा। भारत ने एक बार फिर शांति की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि इस शत्रुता से किसी को कोई फायदा नहीं होगा।

## न्यूज डायरी



### चीन का मिशन शेनझोउ–19 लॉन्च, तीन एस्ट्रेनॉट स्पेस स्टेशन के लिए हुए रवाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन ने अपने नए स्पेस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा है। देश की एकमात्र महिला स्पेस फ्लाइट इंजीनियर सहित तीन चीनी एस्ट्रेनॉट बुधवार तड़के स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए, जिसे चीन का ड्रीम मिशन कहा गया है। नई तियांगोंग टीम साल 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने और एक लूनार बेस निर्माण के कार्यक्रम के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस मिशन के तहत काम करेगी। शेनझोउ–19 मिशन के लिए अंतरिक्ष खोजकर्ताओं की तिकड़ी ने मंगलवार सुबह 4:27 बजे उत्तर पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से सफलतापूर्वक उड़ान भरी। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, चालक दल में शामिल 34 वर्षीय वांग हाओजे चीन की एकमात्र महिला स्पेस फ्लाइट इंजीनियर हैं। वह किसी क्रू मिशन में हिस्सा लेने वाली तीसरी चीनी महिला हैं। वांग ने मिशन पर रवाना होने से पहले कहा कि मैं अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने का सपना देखती रही हूं, जो पूरा हो रहा है। सीएमएसए के डिप्टी डायरेक्टर लिन जिकियांग ने मिशन लॉन्च के बाद कहा, ध्कै जुजे के नेतृत्व में ये टीम अगले साल अप्रैल के अंत या मई की शुरुआत में पृथ्वी पर लौट आएगी 48 वर्षीय पूर्व वायुसेना पायलट कै एक अनुभवी एस्ट्रेनॉट हैं, जो 2022 में शेनझोउ–14 मिशन का अनुभव रखते हैं। कै ने मिशन से पहले कहा कि मैं एक बड़ी जिम्मेदारी के लिए चुने जाने के बाद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कै जुजे और वांग के साथ इस मिशन में तीसरे अंतरिक्ष यात्री 34 वर्षीय व्यक्ति सोंग लिंगडोंग हैं।

### डिज्नी और पिक्सर के ग्राफिक कलाकार पर लगा बड़ा आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पिक्सर और डिज्नी के लिए काम करने वाले एक फ्रांसीसी ग्राफिक कलाकार पर कथित तौर पर किशोर लड़कियों के दुष्कर्म के वीडियो को लाइव–स्ट्रीम करने का मामला सामने आया। जिसके बाद व्यक्ति पर मुकदमा चलाया गया। बौहेल्म बौचिबा पर नाबालिगों के बार–बार दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न में मिलीभगत के साथ–साथ नाबालिगों की मानव तस्करी में शामिल होने, बाल अश्लीलता छवियों को रखने और नियमित रूप से बाल अश्लीलता इंटरनेट साइटों से परामर्श करने का आरोप है। 59 वर्षीय ग्राफिक कलाकार पर 2012 से 2021 के बीच फिलीपींस में महिलाओं को पैसे देकर कैमरे के सामने नाबालिग लड़कियों का दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न करने का आरोप है, जबकि वह लाइवस्ट्रीम के जरिए देखता था और निर्देश देता था। पुलिस ने बुचिबा की जांच तब शुरू की जब यूरोपीय संघ की कानून प्रवर्तन सहयोग एजेंसी ने उन्हें फिलीपींस में संदिग्ध धन हस्तांतरण के बारे में जानकारी दी। यूरोपोल ने पश्चिमी ग्राहकों द्वारा वित्तपोषित बच्चों के यौन शोषण की लाइवस्ट्रीम की गई बड़ी जांच के दौरान लेन–देन पर ध्यान दिया, जो अक्सर दक्षिणी गोलार्ध के देशों में होता है। वहीं, जांचकर्ताओं द्वारा पूछताछ किए जाने पर बौचिबा ने स्वीकार किया कि वह वेबकैम द्वारा फिल्माए गए।

### ईरान से पुरानी दुश्मनी के बावजूद सऊदी ने क्यों की इजरायल की निंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। ईरान के इस महीने की शुरुआत में किए गए मिसाइल अटैक के जवाब में इजरायल ने भी हाल ही में जवाबी हवाई हमला किया है। इस हमले के बाद एक दिलचस्प बात जो देखने को मिली, वो सऊदी अरब की ओर से इजरायल के हमले की निंदा थी। सऊदी अरब के ईरान पर इजरायल के हमले की निंदा ने पश्चिम एशिया में हलचल पैदा की है। इसकी वजह ये है कि ईरान और सऊदी के बीच ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। ऐसे में सवाल ये है कि सऊदी के इस कदम उठाने के पीछे की वजह क्या है। इजरायली अखबार यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि सऊदी के इस विरोधाभासी कदम के पीछे के कारण जटिल और बहुआयामी हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय भूराजनीति, घरेलू राजनीति, अंतरराष्ट्रीय दबाव और इजरायल के साथ सामान्यीकरण की संभावना जैसे पहलुओं को प्रमुखता से जिम्मेदार माना जा सकता है। पश्चिम एशिया लंबे समय से जटिल गठबंधनों और गहरी प्रतिद्वंद्विता वाला क्षेत्र रहा है। हालांकि सऊदी अरब अपनी घरेलू संवेदनशीलता के चलते इस ओर सतर्क रहा है।

## एलएसी पर समझौते को लेकर अमेरिका ने दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि वह भारत–चीन के बीच एलएसी समझौते पर गहरी नजर बनाए हुए है और सीमा पर तनाव कम होने का स्वागत करता है। यह बात मीडिया से बातचीत में अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कही। उन्होंने कहा, हम घटनाओं पर करीबी नजर रखे हुए हैं। हम समझते हैं कि दोनों देश नियंत्रण रेखा पर तनाव वाले स्थानों से अपनी सेनाएं हटाने के शुरुआती कदम उठा चुके हैं। हम सीमा पर तनाव कम होने का स्वागत करते हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या इस मामले में अमेरिका की कोई भूमिका है, तो उन्होंने जवाब दिया, नहीं, हमने भारतीय साझेदारों से इस बारे में जानकारी ली है, लेकिन इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं है। इससे पहले रक्षा सूत्रों ने बताया था कि दोनों देशों के सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख के देपसांग मैदानों और डेमचोक में अस्थायी ढांचों को हटा दिया है।

सैनिकों को अब पीछे के क्षेत्रों में तैनात किया गया है, और पेट्रोलिंग छोटे–छोटे दलों के साथ होगी, जिनमें 10 से 15 सैनिक शामिल होंगे। एलएसी पेट्रोलिंग समझौता 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले घोषित किया गया था। सम्मेलन रूस के कजान में 22 से 24 अक्टूबर के बीच हुआ था।



अमेरिका के लिए एतिहासिक होगी इस साल की दीवाली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों के लिए इस साल की दीवाली बेहद खास होने वाली है। दरअसल, पहली बार दीवाली के अवसर पर न्यूयॉर्क के स्कूलों में छुट्टी दी जाएगी। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर के तौर पर काम करने वाले दीलीप चौहान ने इस बात की जानकारी दी है। 1 नवंबर को न्यूयॉर्क के स्कूलों में छुट्टी रहेगी। दीलीप चौहान ने कहा कि दीवाली के अवसर पर न्यूयॉर्क के स्कूलों में छुट्टी घोषित करवाना एक बड़ी चुनौती थी। हिंदू समुदाय के लोग पिछले कई सालों से इस मुद्दे पर मूवमेंट चला रहे थे। उनकी मांग थी की दीवाली के दिन न्यूयॉर्क के स्कूलों में छुट्टी होनी चाहिए। स्कूलों में छुट्टी रहेगी तो हिंदू समुदाय के लोग आसानी से दीवाली मना सकेंगे।

## हिज्बुल्लाह के नए चीफ टेंपरेरी चीफ, जल्द होगा काम तमाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इजरायल के खिलाफ युद्ध के बीच हिजबुल्लाह ने मंगलवार को नईम कासिम को संगठन का नया चीफ नियुक्त किया। शूरा काउंसिल की सहमति के बाद नईम को संगठन का अगला मुखिया बनाया गया। हसन नसरल्लाह के सहायक रहे नईम कासिम हिजबुल्लाह के प्रमुख प्रवक्ताओं में से एक रहे हैं। नईम कासिम की नियुक्ति पर इजरायल की ओर से प्रतिक्रिया आई है। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलंट का कहना है कि हिज्बुल्लाह के नए चीफ नईम कासिम टेंपरेरी (अस्थाई) चीफ हैं।

गैलेंट का कहना है कि कासिम की नियुक्ति अस्थाई तौर पर हुई है और वह ज्यादा देर तक इस पद पर नहीं रह पाएंगे। गैलंट ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि टेंपरेरी नियुक्ति। काउंटडाउन शुरू हो गया है।

**इजरायल ने हिजबुल्लाह के नए चीफ को दी चेतावनी**

इजरायल ने आगे कहा कि नईम कासिम का कार्यकाल हिजबुल्लाह के इतिहास में अब तक का सबसे छोटा कार्यकाल साबित होगा। इजरायल ने जोर दिया है कि हिजबुल्लाह को खत्म करने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, कासिम ने नसरल्लाह के डिप्टी के रूप में काम किया था। वहीं, इजरायल ने कई बार कासिम को निशाना बनाया है, लेकिन वो अब तक बचा हुआ है। दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना हिजबुल्लाह के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। 27 सितंबर को इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हसन नसरल्लाह को मार गिराया था।

कासिम कई दशकों से हसन नसरल्लाह के साथ मिलकर हिजबुल्लाह में काम कर रहा था। वो नसरल्लाह का सहायक था। उसकी मौत के बाद से वह संगठन के कार्यवाहक नेता के रूप में काम कर रहा था। भले ही नईम कासिम को हिजबुल्लाह का नया चीफ नियुक्त किया गया है, लेकिन संगठन ने संकल्प लिया है कि जब तक इजरायल के खिलाफ जीत हासिल नहीं हो जाती तब तक हिजबुल्लाह नसरल्लाह की नीतियों पर चलता रहेगा।

### याह्या सिनवार के बाद भी हमास शर्तों पर अड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल ने बीते कुछ महीनों में हमास के खिलाफ अहम कामयाबी हासिल की है। उसने हमास के दो सबसे बड़े नेता याह्या सिनवार और इस्माइल हानिया को मार दिया है। इसके बावजूद फिलिस्तीनी गुट इजरायल के सामने झुकता नहीं दिख रहा है। वार्ताकार 101 इजरायली बंदियों की रिहाई के लिए हमास से बात की है लेकिन गुट के नेता डील के लिए अपनी शर्तों पर अड़े हुए हैं। हमास का कहना है कि वह समझौते की पुरानी शर्तों पर अभी भी कायम हैं। यरूशलम पोस्ट के अनुसार, हमास के वरिष्ठ अधिकारी समी अबू जुहरी ने मंगलवार को कहा है कि समूह एक ऐसे सौदे पर चर्चा करने के लिए तैयार है, जो गाजा में युद्ध खत्म करने और इजरायली सेना की पूर्ण वापसी को सुनिश्चित करता है। हमास पहले से ही पूर्ण युद्ध विराम और आईडीएफ की वापसी की बात कह रहा है।

Page Three


Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# न्यूनतम छात्र संख्या वाले स्कूलों की जियो टैगिंग करने के निर्देश

बैठक

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई उत्कृष्ट विद्यालय समिति की बैठक

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर रिपोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश



**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे उत्कृष्ट विद्यालय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयी शिक्षा विभाग को उत्कृष्ट एवं कलेक्टर विद्यालयों में छात्रों के परिवहन हेतु व्यवस्था, विद्यालय भूमि के पंजीकरण, सी तथा डी श्रेणी के विद्यालयों की डीपीआर को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान उप जिलाधिकारियों, बीडीओ, आरटीओ व बीईओ को समन्वय बनाते हुए विद्यालयों का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिपोर्ट की विसंगतियों को दूर करते हुए दोबारा रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को मिशन मोड पर स्कूलों के लिए दान वाली भूमि का विद्यालय के नाम पंजीकरण करवाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि अगर माध्यमिक में बाहरी निर्माणदायी संस्था द्वारा कार्य कराया जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शासनादेश के अनुरूप विद्यालय चयन करने की बात कही। उन्होंने विद्यालय भूमि के स्वामित्व की जानकारी लेने के साथ ही विद्यालय शिफ्ट करने में क्या–क्या दिक्कतें हैं। छात्र संख्या और विद्यालय की सड़क से दूरी की पूरी जानकारी रिपोर्ट में समाहित करने की बात कही। उन्होंने न्यूनतम छात्र संख्या वाले स्कूलों की जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि जनपद में प्रथम चरण में 9 उत्कृष्ट तथा 9 कलस्टर विद्यालय बनाने बनाए जाने हैं । उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए 5 किलोमीटर तथा कलस्टर में 15 किलोमीटर का दायरा निर्धारित किया गया है।

## न्यूज डायरी

### छोटी दीपावली पर खरीदारी की उमड़ी भीड़

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को छोटी दीपावली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक दुकानों पर खरीदारी होती रही। इसके चलते बाजारों में पैर रखने की जगह तक नहीं मिली, जिसके चलते पुलिस को यातायात को भी डायवर्ट करना पड़ा। सबसे अधिक भीड़ मिठाई और पटाखों की दुकान पर दिखी। जहां पर खूब पटाखे और मिठाइयां बिकीं। बुधवार को सुबह से बाजार में खासी चहल–पहल रही। लोगों की भीड़ के साथ आकर्षक झालर से बाजार की रौनक दोगुनी नजर आई। पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए लोगों ने मिठाई, कपड़ों, पूजा–समाग्री, पटाखों, इलेक्ट्रानिक उपकरण, बर्तन, मिट्टी के दीयों और वाहनों की जमकर खरीदारी की। दिन ढलने के साथ ही भीड़ चरम पर नजर आई। घाट रोड, मुखर्जी मार्ग, तिलक रोड, रेलवे रोड, देहरादून रोड और झंडा चौक का बाजार खरीदारों से पटा दिखा। ज्वैलर्स की दुकानों पर भी सोने–चांदी के गहनों की खरीदारी के लिए सुबह से लेकर शाम तक लोगों की भीड़ रही।

### महर्षि विद्या मंदिर में पारंपरिक अल्पना लेखन के गुर सिखाए

**संवाददाता** भवाली। महर्षि विद्या मंदिर तिरछाखेत में दीवाली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हे–मुन्नों ने राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, शबरी के वेश में रामायण की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया। नन्हे–मुन्नों ने दीये भी सजाए। शिक्षकों ने बच्चों को बिस्वार से पारंपरिक ऐपण बनाना सिखाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना जोशी ने बताया कि दीवाली हमारे जीवन में नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर अग्रसर रहने का संदेश देती है।

### जेसीबी और पॉकलेंड से खनन का ग्रामीणों ने विरोध किया

**संवाददाता** लालढांग। लालढांग के रवासन नदी में जेसीबी और पॉकलेंड से खनन का आरोप लगाते हुए खनन का विरोध किया। रसूलपुर मीठीबेरी में क्षेत्र पंचायत सदस्य पिंकी देवी की नेतृत्व में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि रवासन नदी में खनन चुगान का कार्य मजदूरों से कराया जाए, ताकि स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। मशीनीकरण से खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने तत्काल मशीनों से खनन बंद नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में पंकज चमोली, सुरेंद्र रावत, जगजीवन, अमरीश सैनी, राम कुमार, शालिंद्र, देवेंद्र सिंह, बलवीर सिंह, चंदपाल, गोपाल सिंह, मान सिंह, सुनील, सुभाष, राकेश, सुनील, महेश, सोहन सिंह सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी और वाहनों के धुएं से घुटने लगा दम

**संवाददाता** हल्द्वानी। दीवाली का पर्व शुरू होने के साथ ही हल्द्वानी और नैनीताल की हवा धीरे–धीरे खतरनाक मॉडरेट जोन की तरफ बढ़ने लगी है। बीते पांच दिनों में एक्यूआई का इंडेक्स आई बढ़कर 102 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक पहुंच चुका है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने एक्यूआई की मॉनिटरिंग के लिए निजी एजेंसी को नामित किया है, जो प्रदूषण का डेटा उपलब्ध करा रही है। बीते दो दिनों से हल्द्वानी की हवा मॉडरेट जोन में चल रही है। संवेदनशीलता की श्रेणी में आई हवा श्वास, हृदय और अस्थमा के मरीजों के लिए घातक साबित होती है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग नेगी ने बताया कि दीवाली का त्योहार खत्म होने तक वायु गुणवत्ता सूचकांक एकाएक ऊपर जाएगा। इसकी वजह उन्होंने लगातार बढ़ रहे वाहनों के धुएं और आतिशबाजी को बताया है। हल्द्वानी में 24–25 अक्तूबर को एक्यूआई 94, 26 को 98 और 27 की रिपोर्ट में 101 और 28 की रिपोर्ट में 102 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक पहुंच चुका है। इसके अलावा नैनीताल में भी हवा तेजी से खराब होने लगी है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 70 अंक तक पहुंचा है। क्षेत्रीय अधिकारी नेगी ने प्रदूषण वाले इलाकों में वाटर स्प्रिंकलर मशीन लगाने, आतिशबाजी से संबंधित ऑडियो संदेश और कचरा संग्रह की सभी जिलों के पालिकाओं से अपील की है। जागरूकता के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आवास विकास से तिकोनिया के बीच जन जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया।

# आयुष्मान भव योजना से एम्स ऋषिकेश में इलाज शुरू

**संवाददाता** ऋषिकेश। 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान भव स्वास्थ्य योजना को एम्स ऋषिकेश में लागू कर दिया गया है। एम्स अस्पताल में बुधवार को इस योजना का पहला मरीज पंजीकृत किया गया। रोगी का सम्पूर्ण इलाज केन्द्र सरकार की इस योजना के तहत सरकारी दरों पर पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा।

बुधवार को एम्स ऋषिकेश में आयुष्मान भवन स्वास्थ्य योजना के तहत पहला रोगी पंजीकृत किया गया। यूपी के गोरखपुर जनपद के महाराजगंज इलाके के रहने वाले 71 वर्षीय बुजुर्ग योगेन्द्र प्रसाद को अस्पताल के डे–केयर वार्ड में भर्ती किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी रोगियों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था निर्धारित कर दी गयी है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल ने बताया कि यह योजना सभी बुजुर्गों के लिए है। चाहे उनकी आमदनी कुछ भी हो।

इस योजना के तहत पंजीकृत किए गए पहले रोगी योगेन्द्र प्रसाद को पेट में लीवर कैंसर की शिकायत है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के तहत भर्ती किए अए इस रोगी का पहले दिन कीमोथेरेपी प्रक्रिया से इलाज शुरू कर दिया है। मौके पर डीन एकेडेमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, उप निदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल अमित पराशर, आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. मोहित धींगरा, संजय त्रिपाठी, महेश कोठारी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने मूकबधिर महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों संग मिलकर बांटी दीपावली की खुशी

**संवाददाता**

केदारपुरम परिसर में रह रहे सभी बच्चों को स्कूल से किया जाएगा लिंकः डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज केदारपुरम अवस्थित नारी निकेतन, बाल सुधार गृह, शिशु सदन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। डीएम ने नारी निकेतन में रह रही मूकबधिर, सवांसनियों, बच्चों को मिठाई वितरण की। इस दौरान एक मूकबधिर संवासिनी ने गीत गाकर सुनाया। जिलाधिकारी इस दौरान नारी निकेतन में रसोईघर, आवास, स्वास्थ्य केन्द्र एवं परिसर सहित शौचालय की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने परिसर रंगरोगन कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने किशोर सुधार गृह के निरीक्षण के दौरान किशोर सुधार गृह में कक्षा 05 से 12 तक एनसीईआरटी की किताब के साथ भारतीय एवं विश्व एटलस रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से बात की। वहीं नारी निकेतन में दो किशोरी जो व्यवसायिक कोर्स करना चाह रही थी किन्तु धन की समस्या थी, जिस पर डीएम ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कोर्स हेतु धनराशि की स्वीकृति उन्होंने कहा कि जो बच्चा पढना चाहता है उसकी किसी भी हालत में पढाई नही रूकेगी।


जिलाधिकारी ने निर्देश दिए नारी निकेतन में रह रही प्रत्येक किशोरी, महिला, बालिकाओं का पूर्ण विवरण तथा नारी निकेतन में रहने का कारण, पारिवारिक विवरण तथा किस आदेश पर रह रही हैं का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही एनआईबीएच एवं राफेल से विशेषज्ञ के माध्यम से मूकबधिरों की जानकारी प्राप्त करें।

जिलाधिकारी ने नारी निकेतन में महिला किशोरियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को देखा तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों को क्रय करें, जिससे भिक्षावृत्ति से रेस्क्यू किये गए बच्चों तथा अन्य जरूरतमंदो को दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नारी निकेतन में सीवर लाईन की ब्लाकेज को एक सप्ताह में ठीक कर आख्या प्रस्तुत करें साथ ही जो भी कार्य होने हैं उसके प्रस्ताव भेजें।

### बिजली कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली पर कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता** नैनीताल। आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों से बिजली कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। विभागीय अधिकारियों ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका के कर्मचारी को भी लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीएसए मैदान में लगी पटाका बाजार में नगर पालिका की ओर से प्रति दुकान 2500 शुल्क में सफाई समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। आरोप है कि यहां दो लोग प्रति दुकान एक हजार रुपये वसूल कर रहे थे। नगर पालिका के अधिकारियों को सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल निरीक्षण कर सभी दुकानदारों से इस संबंध में पूछताछ की। पता चला कि दो व्यक्ति बिजली कनेक्शन देने के नाम पर हर दुकान से एक हजार रुपये की वसूली कर रहे हैं।

*एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाइब्रेरी के बराबर होता है। –अज्ञात*



# संवेदनशीलता की जरूरत

**फैसले ने बिल्कुल साफ कर दिया कि किन लोगों की नागरिकता पर कोई खतरा नहीं है, किन लोगों को नागरिकता मिल सकती है और किन लोगों को अवैध प्रवासी के रूप में चिह्नित कर कानूनी तौर पर वापस भेजना है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

नागरिकता कानून की धारा 6–ए की संवैधानिकता पर गुरुवार को सुनाए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक पुराने मसले के नए सिरे से उभर आने की आशंकाओं पर तो विराम लगा ही दिया, कई ऐसे पहलुओं पर भी रोशनी डाली, जिससे समकालीन बहस को दिशा मिल सकती है। इस लिहाज से यह फैसला असम में अवैध प्रवासियों के मामले को देखने के असम समझौते में रेखांकित हुए नजरिए की पुष्टि करता है।

अदालत के सामने एक बड़ा सवाल यह था कि नागरिकता के लिए दो कटऑफ डेट रखना सही है या नहीं। कोर्ट ने इसे सही बताते हुए स्पष्ट किया कि असम की खास भौगोलिक स्थिति और अवैध घुसपैठियों की समस्या की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने असम समझौते के रूप में एक राजनीतिक समाधान निकाला। धारा 6–ए का जुड़ाव इसी मसले का विधायी समाधान है। कोर्ट के मुताबिक सरकार को इसका पूरा अधिकार है।

जहां तक अन्य राज्यों में ऐसा प्रावधान करने की बात है तो इसका सीधा, सहज जवाब हां में आता है। लेकिन इस बिंदु पर कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि किसी अन्य राज्य में समस्या ने इतना गंभीर रूप लिया ही नहीं। इस संदर्भ में पश्चिम बंगाल के उदाहरण का फैसले में भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि असम में 40 लाख प्रवासियों की मौजूदगी पश्चिम बंगाल के 57 लाख प्रवासियों के मुकाबले ज्यादा गंभीर इसलिए मानी जाएगी क्योंकि असम में जमीन की उपलब्धता कम है। जाहिर है, अदालत का फैसला बताता है कि इस मसले को सभी तथ्यों, प्रसंगों और संदर्भों के साथ देखकर ही नतीजा निकाला जाना चाहिए।



यह फैसला बाहर से आकर असम में रह रहे उन तमाम लोगों के लिए राहत लेकर आया, जो खुद को अनिश्चितता में फंसा महसूस कर रहे थे। फैसले ने बिल्कुल साफ कर दिया कि किन लोगों की नागरिकता पर कोई खतरा नहीं है, किन लोगों को नागरिकता मिल सकती है और किन लोगों को अवैध प्रवासी के रूप में चिह्नित कर कानूनी तौर पर वापस भेजना है। इस लिहाज से अब अनिश्चितता के लिए कोई गुंजाइश नहीं रह गई है।

फैसला परोक्ष रूप से यह भी बताता है कि इस तरह के गंभीर और संवेदनशील मसलों से निपटते हुए खास सावधानी की जरूरत है। तात्कालिक हितों से निर्देशित राजनीति इस मामले में ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। फैसला भले असम के संदर्भ में दिया गया हो, लेकिन अवैध प्रवासियों का मुद्दा कई और क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। उम्मीद करें कि इस फैसले की रोशनी में अन्य क्षेत्रों में भी सभी संबंधित पक्ष विवाद को भड़काने के बजाय सुलझाने वाला नजरिया लेकर आगे बढ़ेंगे।

## राजू का दोस्त

**अशोक वोहरा।** उसके बाद होगा राज्य के दोस्त के घर मिलने जाता है और कुछ पाया गया जो का क्या हाल चाल है बहुत दिनों से ना तो उन्होंने पैसे भेजें और ना ही फिर बातचीत किया है। तू ही राजू का दोस्त कहता है कि राजू शहर में अपना काम करने के लिए सेट से कुछ पैसे उधार लिए थे लेकिन काम सही नहीं होने के कारण वह पैसे सारा खत्म हो चुका है। अभिषेक जी उसे पकड़कर जबरदस्ती काम करवा रहे हैं इसी कारण से वह बहुत दिनों से बातचीत नहीं कर रहा है और घर आने के बारे में सोच भी नहीं रहा है। राजू की मम्मी आलू जी शहर की तरफ चल पड़ती है और कहती है कि मैं जा रही हूं अपने बेटे से मिलने के लिए। जिसे वह अपने बेटे के पास पहुंचता है राजू अपनी मम्मी को देखा कहता है कि मैं मैं तो यहां पर हूं और आप भी आ गए यहां मुश्किल हालात में जीने के लिए। **...शेष कल**

धर्म-दर्शन



# संपादकीय

## विरोध का सामना

1946–47 में गांधीजी के सर्वधर्म सद्भाव का विरोध इस हद तक होने लगा कि उनकी प्रार्थना सभा बार–बार स्थगित करनी पड़ती। एक अप्रैल, 1947 को दिल्ली की एक प्रार्थना सभा में जब उन्हें कुरान शरीफ का पाठ करने से रोका गया, तो उन्होंने कहा था, 'मैं सच्चा सनातनी हिंदू हूं। मेरा हिंदू धर्म बताता है कि मैं हिंदू प्रार्थना के साथ–साथ मुसलमान प्रार्थना भी करूं, पारसी प्रार्थना भी करूं, ईसाई प्रार्थना भी करूं। सभी प्रार्थनाएं करने में मेरा हिंदूपन है।' जब कुरान की आयतों की बारी आने पर नियमित रूप से व्यवधान होने लगा तो 17 सितंबर 1947 को गांधीजी ने प्रार्थना का क्रम बदल दिया। कुरान की आयत सबसे पहले रख दी गई। मकसद था कि यदि प्रार्थना नहीं होनी है, तो पूरी तरह न हो। गांधीजी के विचारों में कई बार कबीर के पुट हमें दिखते हैं। गांधीजी क्रांति का नारा नहीं देते थे, वह क्रांति के बीज बोते थे।

क्रांति का एक ऐसा ही बीज उन्होंने बोया 'रघुपति राघव राजा राम' भजन में। उनकी उदारता और सहजता का सबसे बड़ा उदाहरण है इस भजन में किया गया प्रयोग, 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम'।


# संगीत और अनुशासन

अखिलेश झा।।

महात्मा गांधी के व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में संगीत वैसे ही था, जैसे उनके विचारों में सत्याग्रह और अहिंसा। उन्हें ऊर्जा शायद संगीत से ही मिलती थी। बापू जैसा दूसरा उदाहरण ढूंढना मुश्किल होगा, जिसने अपना पूरा जीवन सुबह–शाम अनुशासन के साथ प्रार्थना–संगीत में लगाया हो। जीवन ही क्या, अपनी अनंत यात्रा पर भी वह रामनाम के साहचर्य में ही रहे।

गांधीजी कहते थे कि यदि संगीत न होता, प्रार्थना न होती, तो जनसभाओं में आने वाले लाखों लोगों को अनुशासित रखना असंभव हो जाता। उन्होंने कहा था, 'अगर सत्य का आग्रह आश्रम की जड़ में है, तो प्रार्थना उस जड़ का मुख्य आधार है।' महात्मा गांधी ने जब साबरमती आश्रम की स्थापना की, तो भजन और संगीत पर भी बहुत ध्यान दिया। उन्होंने काका कालेलकर से आग्रह किया कि वह पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर से इस बारे में सलाह करें। पलुस्कर के प्रिय शिष्य महाराष्ट्र के मिरज के नारायण खरे थे। वह आश्रम के अनुशासन के लिए भी सब तरह से उपयुक्त थे। ऐसे में पलुस्कर ने अपने शिष्य को साबरमती आश्रम भेज दिया।

गांधीजी के आश्रम में गाए जाने वाले भजन बाहर भी लोकप्रिय होने लगे। भजन चाहे कबीर के हों, मीरा, सूर, तुलसी या नरसी मेहता के, उनके साथ–साथ उन भजनों की एक पहचान गांधी भजन के रूप में भी बन गई। ग्रामोफोन रेकॉर्ड पर उन्हें गांधी भजन के रूप में दर्ज किया गया। यह श्रेय बापू को ही जाता है कि भक्त कवियों के भजन दोबारा घर–घर तक ग्रामोफोन रेकॉर्ड और रेडियो के माध्यम से पहुंचने लगे।



क्रांति का एक ऐसा ही बीज उन्होंने बोया 'रघुपति राघव राजा राम' भजन में। उनकी उदारता और सहजता का सबसे बड़ा उदाहरण है इस भजन में किया गया प्रयोग, 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम'। यह कोई छोटा प्रयोग नहीं था।

महात्मा गांधी अपनी प्रार्थना–सभा के संगीत को लेकर बहुत सचेष्ट रहते। कोई कहीं से आ जाए, अपनी श्रद्धा दिखाए और गांधीजी की प्रार्थना सभा के मंच पर भजन गाने लगे, ऐसा बिल्कुल नहीं होता था। क्या गाया जाएगा और कौन गाएगा, सब पर गांधीजी की सहमति जरूरी थी। 1938 में नारायण मोरेश्वर खरे के देहांत के बाद और खासकर भारत छोड़ो आंदोलन की गिरफ्तारी से 1944 में रिहा होने के बाद गांधीजी की प्रार्थना सभाओं का स्वरूप बदलने लगा। प्रार्थना सभा में सबसे पहले बौद्ध धर्म का जापानी भाषा का मंत्र गाया जाता, जो उन्होंने वर्धा आश्रम के एक जापानी साधु से सीखा था। इसके बाद संस्कृत में भगवद्गीता के श्लोक का पाठ होता। फिर अरबी में कुरान की आयतें और फारसी भाषा में पारसियों के धर्म के मंत्र पढ़े जाते थे। फिर हिंदी या भारत की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं–बोलियों में भजन गाए जाते। आखिर में रामधुन से प्रार्थना सभा का समापन होता था।

महात्मा गांधी के संगीत के साथ किए गए प्रयोग उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति और उदारता भी दिखाते हैं। दक्षिण अफ्रीका से लौटने पर वह कुछ दिन शांति निकेतन में रहे। वहां वह रवींद्रनाथ टैगोर के संगीत से बहुत प्रभावित हुए। उसका प्रभाव उनके आश्रम के भजनों पर बहुत हुआ।

## अष्टयोग-4995

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 2 | 7 | 4 |
| | 30 | 4 | 30 | | 30 | |
| 5 | 2 | | | | 6 | 3 |
| | 32 | 6 | 39 | 7 | 31 | 2 |
| 1 | | 3 | | 4 | | |
| | 31 | | 35 | | 33 | 7 |
| 7 | | 2 | 6 | | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 4994 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 26 | 4 | 34 | 2 | 34 | 1 |
| 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 35 | 6 | 36 | 3 | 28 | 2 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 31 | 5 | 35 | 4 | 33 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 5 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

अपना ब्लॉग

## नोआखाली भजन

**मोहन।** गांधीजी के संगीत के साथ प्रयोग की सबसे कठिन परीक्षा नोआखाली में हुई, जब उन्होंने नवंबर 1946 में वहां पहुंचकर दंगाइयों को शांत करने का प्रयास किया। 1946–47 में लगभग चार महीनों के नोआखाली प्रवास के दौरान उन्होंने एक नए भजन का प्रयोग किया, 'भज मन राम–रहीम, भज मन कृष्ण–करीम'। इसे नोआखाली भजन भी कहा जाता है। दंगे तो रुक गए, पर भारत का विभाजन न रुक पाया। गांधीजी तब भी निराश न हुए। लोगों को अपनी प्रार्थना सभाओं में तब तक भजन और संगीत के माध्यम से सही राह दिखाने का प्रयास करते रहे, जब तक अनंत शून्य के संगीत ने उन्हें अपने अंक में भर न लिया। गांधीजी के विचारों ने संगीत को बेहद प्रभावित किया। दक्षिण भारत में के.बी. सुंदरम्बल, डी.के. पट्टम्माल, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी से लेकर बंगाल के कमल दासगुप्ता, के.सी. डे, जुथिका रॉय, दिलीप कुमार रॉय, बिजनबाला घोष दस्तीदार जैसी संगीत की हस्तियों पर ऐसा असर पड़ा कि वे गांधीजी के भजन गाने के साथ उनके आदर्शों का भी पालन करते।






## मंदिरा बेदी ने शेयर की मालदीव वकेशन की खूबसूरत झलकियां

मंदिरा बेदी ने मालदीव वकेशन की कुछ खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं। कई वीडियोज उन्होंने लगातार पोस्ट किए हैं, जिसमें वो अकेली नहीं बल्कि उनके दोनों बच्चे साथ दिख रहे हैं। अक्सर अपनी बेस्ट फ्रेंड के साथ वकेशन प्लान करने वाली मंदिरा ने इस बाच बच्चों को अपनी कंपनी बनाई है। मंदिरा ने कई सारे वीडियोज शेयर किए। लेटेस्ट वीडियो में मंदिरा समंदर पर बने रेजॉर्ट के पूल में पानी और धूप दोनों का लुत्फ उठाती दिख रही हैं। मंदिरा ने लेटेस्ट वीडियो शेयर करते हुए लिखा है– फिफ्टी शेड्स ऑफ ब्लू और बहुत सारे रंग खुशियों के। इस पोस्ट को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। मंदिरा इन झलकियों में काफी फिट और स्लिम नजर आ रही हैं। लोगों ने सवाल भी किया है कि इस उम्र में इतनी स्टनिंग कैसे दिख सकती हैं। वहीं कुछ लोगों ने उन्हें सलाह दी है कि वो इतनी फिट हैं कि उन्हें बॉन्ड मूवी में ट्राई करना चाहिए। वहीं वीडियो में बच्चों के साथ मस्ती वाली भी झलकियां मंदिरा ने दिखाई है। दरअसल बच्चों के साथ वो भी पूल में जंप लगाती दिख रही हैं। उन्होंने सवाल भी पूछा है कि सबसे अच्छा जंप किसने लगाया है। मंदिरा जिस तरह से अपने दोनों बच्चों की परवरिश कर रही हैं और अकेले माता–पिता का प्यार दे रही हैं।

## आमिर खान की बहन निखत अब टीवी शो में आएंगी नजर

आमिर खान की बहन निखत खान टीवी पर एक नए शो में एंट्री करने जा रही हैं। हालांकि, कैमरे पर वो पहले भी नजर आ चुकी हैं और कई फिल्मों में काम चुकी हैं। खबर है कि निखत स्टार प्लस के नए शो दीवानियत में खास रोल में दिखेंगी। इस शो में निखत के अलावा विजयेंद्र कुमेरिया, नवनीत मलिक और कृतिका सिंह यादव भी हैं। श्दीवानियतश में निखत की मौजूदगी दर्शकों के लिए यकीनन एक सरप्राइज होगी। फैन्स इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। निखत खान यूं तो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से लंबे समय से जुड़ी हुई हैं। वो बतौर प्रड्यूसर दूल्हा बिकता है, तुम मेरे हो, हम हैं राही प्यार के, मदहोश, लगान जैसी फिल्मों से जुड़ी रही हैं। हालांकि एक्टिंग की बात करें तो उन्होंने साल 2019 में आई फिल्म मिशन मंगल से एंट्री मारी है। निखत स्पेशल ऑप्स 1.5 और पठान जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इन सबके अलावा एक्सिस बैंक, अमेजन, विप्रो, पेटीएम हल्दीराम जैसे कई ब्रैंड्स के लिए मॉडलिंग भी कर चुकी हैं। पहली बार टीवी शो में कदम रखने जा रहीं निखत खान इस सीरियल दीवानियत को लेकर काफी उत्साहित हैं। वो अपनी एक्टिंग से दर्शकों को इम्प्रेस करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## अंजना सिंह की छोटकी दीदी बड़की दीदी में देव सिंह की धमाकेदार एंट्री



भोजपुरी सिनेमा के वर्सटाइल एक्टर देव सिंह की निर्माता प्रदीप सिंह की अपकमिंग फिल्म श्छोटकी दीदी बड़की दीदीश में धमाकेदार एंट्री हो रही है। इस फिल्म में देव सिंह एक्शन करते नजर आएंगे। दरअसल वे इस फिल्म में नायक की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में देव सिंह अंजना सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो उनके करियर की एक अहम फिल्म है। छोटकी दीदी बड़की दीदी बड़े पैमाने पर बन रही है और इसे थिएटर में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में जहां संजय पांडे, अयाज खान और प्रेम दूबे जैसे दिग्गज खलनायकों की तिकड़ी है, वहीं देव सिंह का नायक अवतार दर्शकों को एक नए अंदाज में देखने को मिलेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि दिग्गज खलनायकों के साथ वह दर्शकों के दिलों में नायक के रूप में कितनी जगह बना पाते हैं। फिल्म श्छोटकी दीदी बड़की दीदीश में अपनी भूमिका को लेकर देव सिंह ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें मैं एक अहम की भूमिका निभा रहा हूं। अब तक दर्शकों ने मुझे अलग अलग रूप में देखा है, लेकिन इस फिल्म के जरिए मैं एक नया सफर शुरू कर रहा हूं।

# अयोध्या के बंदरों को खाना खिलाने के लिए दिए 1 करोड़

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में दिवाली पर खास तैयारी की जाती है। हजारों–लाखों तेल के दीये जलाए जाते हैं। हर तरफ रोशनी बिखरी होती है। इन सबके बीच बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने वहां के बंदरों के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि दान की है। उन्होंने बंदरों को खिलाने के लिए ये राशि दान की है। रिपोर्ट्स बता रही हैं कि एक्टर ने भगवान राम का आशीर्वाद लेने और भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं में बहुत महत्वपूर्ण जानवरों की रक्षा के लिए ये कदम उठाया है।*

**दिलदार अक्षय कुमार!**


जानकारी के मुताबिक, बंदरों को खाना खिलाने की पहल अंजनेया सेवा ट्रस्ट द्वारा की जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रस्ट के प्रमुख जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने अक्षय कुमार से इस नेक काम में शामिल होने के लिए कहा और एक्टर ने तुरंत हामी भर दी।

**माता-पिता और ससुर के नाम पर दान**

ट्रस्ट के एक सदस्य ने यह भी बताया कि अक्षय अपने माता–पिता हरिओम भाटिया और अरुणा भाटिया व ससुर राजेश खन्ना के नाम पर विभिन्न कार्यों के लिए सक्रिय रूप से दान करते हैं।

**इस बात का रखेंगे ख्याल**

ट्रस्ट के सदस्य ने कहा, अक्षय न सिर्फ एक उदार दानकर्ता हैं,



बल्कि भारत के एक सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक भी हैं। वह अयोध्या के नागरिकों और शहर के बारे में समान रूप से चिंतित थे और इसलिए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बंदरों को खाना खिलाते समय किसी भी नागरिक को असुविधा न हो और बंदरों को खिलाने के बाद अयोध्या की सड़कों पर कोई कूड़ा न फैले।

**1 नवंबर को रिलीज होगी सिंघम अगेन**

वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार को सिंघम अगेन में देखा जाएगा। ये रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म में अक्षय को उनके सूर्यवंशी किरदार में देखा जाएगा। इसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान शामिल हैं। ये फिल्म 1 नवंबर को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।

# रानी चटर्जी पार्लर में आइब्रो बनाती आईं नजर, फैन्स परेशान

*भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हैं। इन तस्वीरों में रानी एक ब्यूटी पार्लर में काम करती दिख रही हैं। इन तस्वीरों को देख लोगों ने सवाल करना शुरू कर दिया है कि फिल्म इंडस्ट्री छोड़ के ये नया काम शुरू किया है क्या? हालांकि, तस्वीर के कैप्शन में भी रानी ने काफी सारी बातें साफ कर दी हैं।*




भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी इस वक्त अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर काफी चर्चा में हैं। इन तस्वीरों में रानी ब्यूटी पार्लर के अंदर किसी महिला का आइब्रो बनाती दिख रही हैं। इन तस्वीरों ने उनके फैन्स को झटका दे दिया है। कई लोगों ने पूछना भी शुरू कर दिया कि रानी ने फिल्मी लाइन छोड़ दी है क्या?

**फैन्स पूछ रहे- ऐसी क्या नौबत आ गई**

भोजपुरी सिनेमा की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक रानी चटर्जी की ये झलकियां वाकई सबको हैरान कर रही हैं। क्योंकि ग्लैमर वर्ल्ड से ताल्लुक रखने वाली ये हसीना बेहद सिंपल और सादगी वाले लुक में दिख रही हैं और वो भी किसी साधारण से ब्यूटी पार्लर में काम करती हुईं।

**लोगों को लगा, रानी ने अपना पार्लर खोला है**

कई लोगों को ये भी लग रहा है कि उन्होंने अपना पार्लर खोल लिया है। हालांकि, यहां ऐसे लोगों को बता दें कि रानी ने अपने इस पोस्ट के कैप्शन में ही साफ कर दिया है कि वह किसी भूमिका में हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है– क्या रोल है प्रिया ब्यूटी पार्लर। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग में शूटिंग टाइम भी लिखा है। यानी साफ है कि रानी अपनी अगली फिल्म में एक ब्यूटी पार्लर गर्ल का रोल निभा रही हैं जो श्प्रिया ब्यूटी पार्लरश में काम करती है।

**एक ने पूछा- सिर्फ एक्ट्रेस बनने से काम नहीं चलता क्या?**

हालांकि, लोगों ने इस पोस्ट पर खूब मजे लिए हैं और तरह–तरह के कॉमेंट किए हैं। एक ने कहा– सिर्फ एक्ट्रेस बनने से काम नहीं चलता क्या? एक ने कहा– गजब रानी दीदी, क्या–क्या टैलेंट है आपमें, आज पता लगा। एक और ने पूछा– कितना रुपया थ्रेडिंग का रेट है । एक और फैन ने कहा– ऐसा करो, आप भी एक पार्लर खोल ही लो। कुछ ने ये भी पूछा है– ऐसी क्या नौबत आ गई कि ये काम पकड़ लिया?

# दिवाली के त्योहार के दौरान हार्ट हेल्थ को बनाएं मजबूत



**मिठाइयों का पोषण बढ़ाएं**
आप मिठाई बनाते समय उनमें हेल्दी चीजों को अधिक शामिल करें और अन हेल्दी को कम। जैसे आप ड्राई फ्रूट्स को टेक्सचर देने के लिए एड कर सकते हैं। आर्टिफिशल शुगर की बजाए आप गुड़, शक्कर, खजूर का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अलावा पौष्टिक मात्रा बढ़ाने के लिए आप उनमें ओट्स, नट्स, सीड्स, सब्जियों आदि का प्रयोग भी कर सकते हैं। इस दौरान आप गाजर का हलवा भी बना सकते हैं लेकिन इसमें कम से कम चीनी का प्रयोग करना चाहिए।


*आपको अपने खाने पीने के पोर्शन पर भी ध्यान रखना चाहिए। एक ही बार अधिक खाने की बजाए कई बार थोड़ा थोड़ा खा सकते हैं। इससे वजन भी नहीं बढ़ता और सेहत पर भी बुरा असर नहीं पड़ता है।*

**चीनी को कम कर दें**
अपनी डाइट से एडेड शुगर को बिल्कुल कम कर दें। शुगर आपकी सेहत के लिए काफी हानिकारक होती है। आपको आर्टिफिशल शुगर का सेवन करने की बजाए प्राकृतिक शुगर की चीजों का सेवन करना चाहिए। जैसे आप चीनी की बजाए डिजर्ट में गुड़, शक्कर आदि का प्रयोग कर सकते हैं। या फिर लड्डू आदि बनाने के लिए खजूर जैसे फलों का प्रयोग कर सकते हैं जिनमें प्राकृतिक मिठास होती है।

**मैदे की बजाए हेल्दी आटे का करें प्रयोग**
बहुत सी दिवाली पर बनने वाली मिठाइयों में मैदे और सूजी का प्रयोग किया जाता है। आप इसे बेसन या फिर गेहूं के आटे से बदल सकते है। आप मूंग दाल के आटे का भी प्रयोग कर सकते हैं। यह आपकी सेहत के लिए भी हेल्दी होते हैं और इनमें पोषण की मात्रा भी अधिक होती है। इन आटे में फाइबर और प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है।

**कुकिंग के लिए हेल्दी तेल का प्रयोग करें**
आप अगर किसी चीज को फ्राई करने के लिए या नॉर्मल कुकिंग के लिए सैचुरेटेड फैट से भरपूर तेल का प्रयोग करते हैं तो आपके शरीर को नुकसान पहुंच सकता है। इससे आपका बीपी और कॉलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ सकता है। इसकी बजाए आप हेल्दी कुकिंग ऑयल या फिर खास कर घी का प्रयोग करके चीजों को कुक कर सकते हैं।

**स्नैक्स का सेवन करते समय हो जाएं सावधान**
अगर आप एक दिल के मरीज हैं या फिर नहीं चाहते हैं की दिल से जुड़ी बीमारी आपको हो तो आप को स्नैक्स का सेवन ध्यान से करना चाहिए। आपको ज्यादा फ्राइड चीजें जैसे पकोड़ा, समोसे का सेवन नहीं करना चाहिए। आप मूंग दाल, पोहे से बने स्नैक्स का सेवन कर सकते हैं और अगर उन्हें तलने की बजाए बेक या फिर फ्राई करते हैं तो यह आपके लिए और भी हेल्दी रहता है। आप स्पाइसी ड्राई फ्रूट्स का सेवन भी कर सकते हैं जो थोड़े रोस्टेड होते हैं।



## दिवाली पर साउंड पॉल्यूशन का शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है?

दिवाली के दौरान हर जगह काफी शोर गुल होता है और हर जगह काफी रौनक लगी रहती है। ऐसी स्थिति में जहां मन लगने का माहौल होता है वहीं यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी काफी हानिकारक होती है। धूल मिट्टी और पटाखों के कारण न केवल वातावरण में एयर पॉल्यूशन फैलता है बल्कि अधिक शोर के कारण साउंड पोल्यूशन भी फैलता है और दोनों ही आपके स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक होते हैं। इतनी तेज आवाज में कुछ लोग बम पटाखे बजाते हैं की दूसरे लोगों को कई देर तक सुनना ही बंद हो जाता है। बहुत से लोगों को इस दौरान हियरिंग लॉस यानि सुनाई न देना जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है और ऐसा कई दिनों तक हो सकता है। बुजुर्गों में ऐसा ज्यादा देखने को मिलता है। इसलिए उन्हें इस समय घर के अंदर ही रखना चाहिए। अगर आप को नींद अच्छे से नहीं आती है तो ज्यादा साउंड पोल्यूशन के दौरान आप को दिवाली के समय सोने में परेशानी हो सकती है। इससे आप को थकान हो सकती है, आपका मूड खराब हो सकता है और आपकी नींद पूरी न होने के कारण आपको शरीर से जुड़ी कई समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ज्यादा शोर गुल से आपके दिल की सेहत पर भी प्रभाव पड़ सकता है। इस समय आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, आपका हार्ट रेट भी बढ़ सकता है और आप को दिल की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## टाइपिंग करने से बढ़ता है कार्पल टनल सिंड्रोम का रिस्क, क्या हैं शुरुआती लक्षण

कार्पल टनल सिंड्रोम कलाई से जुड़ी एक समस्या है जो तब होती है जब सूजन के कारण मीडियन नर्व दब जाती है। इससे व्यक्ति को सुन्नपन, कमजोरी या झुनझुनी की समस्या हो सकती है। आमतौर पर यह दिक्कत बार–बार होने वाली हरकत या किसी छिपी कंडीशन के कारण होता है। कार्पल टनल कलाई की हड्डियों में एक जगह है जहां से टेंडन, लिगामेंट और नसे गुजरकर हाथ तक पहुंचती हैं। जब कोई चीज आपके कार्पल टनल से गुजरने वाली मीडियन नर्व को परेशान करती है या उस पर अतिरिक्त दबाव डालती है तो उस स्थिति को कार्पल टनल सिंड्रोम कहते हैं। अगर आपके हाथ में झुनझुनी या सुन्नपन की शिकायत हो रही है तो आपको तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इलाज से इस समस्या का समाधान हो सकता है लेकिन सही समय पर इलाज न होने के कारण यह मीडियन नर्व को परमानेंट नुकसान पहुंचा सकता है। इसके और भी कई लक्षण है जैसे अंगूठे और हाथ की पहली तीन उंगलियों में सुन्नता और झुनझुनी, दर्द और जलन, रात में कलाई में दर्द और हाथ की मांसपेशियों में कमजोरी।

## कैसे बनता है आंखों में मोतियाबिंद? क्या है इसकी मुख्य वजह और लक्षण?



आंखों के लेंस में धुंधलेपन को मोतियाबिंद कहा जाता है। जब लेंस में मौजूद प्रोटीन टूटकर एक साथ चिपक जाते हैं तो मोतियाबिंद की समस्या होती है। इससे देखने की क्षमता में भी कमी आती है। मोतियाबिंद अक्सर धीरे–धीरे बढ़ता है और यह दोनों आंखों में विकसित हो सकता है। हालांकि यह एक ही समय पर नहीं होते हैं। मोतियाबिंद की वजह से लेंस रेटिना को साफ पिक्चर भेजने से रोकता है, ऐसे में व्यक्ति को रंग फीका दिखना, धुंधला दिखाना, रोशनी के चारों ओर अजीब रंग दिखाना, चमकदार रोशनी दिखाना, रात को ठीक से दिखाई न देना जैसी समस्याएं होती हैं। मोतियाबिंद होने के कई कारण हो सकते हैं और बढ़ती उम्र इनमें सबसे आम है। 60 वर्ष से ऊपर की उम्र वाले लोगों को ज्यादातर यह समस्या होती है। मेयो क्लिनिक के अनुसार मोतियाबिंद के तीन मुख्य प्रकार है और यह उम्र से जुड़ा है– न्यूक्लियर स्क्लेरोटिक मोतियाबिंदरू उम्र से जुड़ा यह सबसे आम प्रकार का मोतियाबिंद है जो लेंस के सख्त और पीले होने से होता है। यह जैसे–जैसे बढ़ता है आंखों की फोकस करने की क्षमता में परिवर्तन आता है। यह धीरे–धीरे कई वर्षों तक बढ़ता रहता है। कॉर्टिकल मोतियाबिंद में लेंस के बाहरी हिस्से में सफेद थक्का हो जाता है जो धीरे–धीरे सेंटर की ओर बढ़ता है। सबकैप्सूलर मोतियाबिंद बहुत ही तेजी से बढ़ता है।

# दिवाली मेन्यू में जरूर शामिल करें यह हेल्दी ऑप्शन



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*जहां दिवाली का त्यौहार काफी पावन और रौनक भरा होता है वही यह हमारी सेहत के लिए थोड़ा अन्हेल्दी हो जाता है क्योंकि इस दौरान हम बिना सेहत की चिंता किए काफी ज्यादा मात्रा में तला भूना और बाहर का खाना खा लेते हैं जिस वजह से बाद में हमें कुछ दिनों तक हाजमे में और पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए पर पहले ही थोड़ी सावधानी बरत सकते हैं और अपने दिवाली के मेन्यू में कुछ हेल्दी चीजों को शामिल कर सकते हैं जिससे आपकी दिवाली भी अच्छी बन जाए और आप की सेहत को भी नुकसान ने पहुंच सके। डॉ निधि धवन, एच ओ डी डायटिक्स ,सरोज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ,दिल्ली के मुताबिक, हेल्दी होने का मतलब यह है बिल्कुल भी नहीं है कि यह चीज स्वाद नहीं होंगी। आइए जान लेते हैं यह हेल्दी स्नैक्स जो आपकी दिवाली को और ज्यादा खास बना सकते है।*

**बेक्ड समोसा**
समोसे बिना कोई भी पार्टी या त्यौहार पूरा नहीं होता है। लेकिन समोसा खाने के बाद काफी गिल्ट भी होता है की बहुत हैवी खा लिया है। इस गिल्ट से बचने के लिए आप समोसे को डीप फ्राई करने की बजाए बेक कर सकते हैं। इससे स्वाद में भी कोई असर नहीं पड़ेगा और यह सेहत के लिए भी हेल्दी होगा। इसकी बजाए आप कचौरी भी और फ्राई करके खा सकते हैं।

**ग्रिल्ड पनीर**
आपको पहले पनीर या टोफू को दही में अच्छे से मैरिनेड कर लेना है। इसके बाद आप को उन्हें अच्छे से अपने पसंद के मसालों के



साथ मिक्स कर लेना है। इसके बाद आप इन्हें ग्रिल करके सर्व कर सकते है। यह एक काफी अच्छा ऐपेटाइजर का ऑप्शन बन सकता है।

**मेन कोर्स**
मेन कोर्स में सब्जियों में आप कोई भी स्टफ करके सब्जी बना सकते हैं जैसे बैंगन, शिमला मिर्च आदि। इनके अलावा आप पनीर आदि की सब्जी भी बना सकते हैं जिससे मील में पौष्टिक चीजें भी ऐड हो सकें। करी में आप छोले या फिर दाल में से कोई एक बना सकते है। अगर आप को चावल खाना पसंद है तो आप क्विनोआ की बिरयानी या फिर मिलेट का पुलाव बना सकते हैं। घर पर ही सादे आटे की रोटी बना सकते हैं। मल्टी ग्रेन आटे के पराठे भी बना सकते हैं।

**साइड डिश**
साइड डिश में आप कोई भी अपनी पसंद का रायता बना सकते हैं जो खाने के हाजमे के लिए अच्छा हो। इस रायते में आप खीरे, गाजर और चुकंदर जैसे इंग्रेडिएंट्स का प्रयोग कर सकते हैं। नारियल, धनिया और पुदीना जैसे इंग्रेडिएंट्स का प्रयोग करके आप चटनी भी बना सकते है।

**हेल्दी डिजर्ट**
ब्राउन चावलों की खीर रू अगर आप खीर खाना पसंद करते हैं तो सामान्य चावल की बजाए ब्राउन चावल का प्रयोग कर सकते हैं। चीनी की जगह आप ब्राऊन शक्कर का प्रयोग कर सकते हैं या फिर बिना मीठे की खीर भी खा सकते हैं।

**बेक मोदक**
मोदक को फ्राई करने की बजाए आप उन्हें बेक कर सकते हैं या फिर स्टीम भी कर सकते हैं। उनके अंदर हेल्दी फिलिंग का प्रयोग करें। फिलिंग में नारियल और शक्कर के मिश्रण का प्रयोग कर सकते हैं।

**खजूर के लड्डू**
खजूर प्राकृतिक रूप से मीठे होते हैं और अगर आप इनके लड्डू बनाते हैं तो यह खाने में काफी स्वादिष्ट लगते है। इनमें कुछ टेक्सचर एड करने के लिए आप नट्स का भी प्रयोग कर सकते हैं। रिफाइंड शुगर को इसमें शामिल करना जरूरी नहीं है।



विश्व चैंपियनशिप में मेडल के लिए हैं दावेदार

मंगोलियाई पहलवान सुखीगिन से उन्हें सेमीफाइनल में हार मिली, लेकिन इसके बावजूद वह इंटरनेशनल रेसलिंग में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में सफल रहीं। वह रेपेचेज में ब्रॉन्ज मेडल की अभी भी दावेदार हैं। मानसी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही थीं, लेकिन यह तो महज शुरुआत है। उनके अंदर बड़ा पहलवान बनने की क्षमता है और उनका लक्ष्य ओलंपिक मेडल है।

## भारत को मिल गई नई विनेश फोगाट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक ओर जहां विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में मेडल चूकने के बाद पॉलिटिक्स में कदम रखा और विधायक बन गईं तो दूसरी ओर फोगाट फैमिली से महिला पहलवानों की चुनौती भी रेसलिंग से खत्म हो गई। ऋतु बॉक्सिंग करती हैं तो दूसरी ओर, हरियाणा से ही एक और महिला पहलवान ने विश्व चैंपियनशिप में हर किसी को हैरान किया है। यह अपने आप में हैरान करने वाली बात है कि देश में फोगाट फैमिली जिस महिला कुश्ती की नई परिभाषा बन गई थी अब वह विरासत दम तोड़ रही है। विनेश फोगाट के बाद परिवार से कोई महिला पहलवान फिलहाल दिखाई नहीं देता। यह संभव है कि गीता, बबीता, ऋतु, प्रियंका, संगीता और विनेश अपने बच्चों को कुश्ती में लेकर आएं। हालांकि, हरियाणा को लेकर कहा जाता है कि यह धरती पहलवानों से खाली कभी नहीं होगी। अब मानसी अहलावत को ही देख लीजिए। मानसी अहलावत ने 2024 सीनियर विश्व चौंपियनशिप के 59 किलोग्राम भारवर्ग में पूर्व चौंपियन और धाकड़ पहलवान अमेरिका की जैकेरा विनचेस्टर को 3–1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल रेसलिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी उठा ली।

# रबाडा ने बुमराह से छीना नंबर वन गेंदबाज का टैग

**क्रिकेट**

## कोहली-पंत टेस्ट रैंकिंग की टॉप-10 की लिस्ट से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैटों ती टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच 1 नवंबर से खेला जाएगा। इससे पहले ही कीवी टीम ने शुरुआती दो मैच जीतकर टेस्ट सीरीज अपने नाम कर ली है। पुणे टेस्ट के बाद आईसीसी ने हाल ही में ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है, जिसमें कगिसो रबाडा ने जसप्रीत बुमराह से नंबर–1 गेंदबाज का टैग छीन लिया है।

कगिसो रबाडा टेस्ट क्रिकेट में नए नंबर 1 गेंदबाज बन गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में 9 विकेट लिए और जीत में अहम रोल निभाया। दूसरी ओर, बुमराह दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक भी विकेट नहीं ले सके, जिसके कारण वे दो स्थान गिरकर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। साथ ही कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और भारत के रविचंद्रन अश्विन ने 2019 की शुरुआत के बाद पहली बार नंबर 1 रैंकिंग का स्थान हासिल किया। रबाडा पहली बार जनवरी 2018 में शीर्ष पर पहुंचे और तब से लगातार शीर्ष 10 में बने हुए हैं, केवल रैंकिंग छोड़ रहे हैं फरवरी 2019 में उनकी स्थिति। हेजलवुड अब दूसरे स्थान पर हैं, जबकि बुमराह और अश्विन क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।



टेस्ट रैंकिंग की टॉप–10 सूची से ऋषभ पंत और विराट कोहली बाहर हो गए हैं। पंत को पांच स्थानों का घाटा हुआ है और अब वह टॉप–10 से बाहर होकर सीधे नंबर–11 पर चले गए हैं। विराट कोहली को भी एक ही झटके में 6 स्थानों का घाटा हुआ है। वे अब 688 की रेटिंग के साथ नंबर 14 पर चले गए हैं।

रविचंद्रन अश्विन भी न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने के बावजूद दो स्थान गिरकर चौथे नंबर पर आ गए हैं। वहीं, उनके साथी गेंदबाज रविंद्र जडेजा भी दो स्थान गिरकर आठवें नंबर पर पहुंच गए, क्योंकि उन्होंने केवल तीन विकेट लिए। यह गेंदबाजों की रैंकिंग में एक बड़ा उलटफेर है। नमन अली ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 9 विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में 6 विकेट शामिल थे। उन्होंने आठ स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाई है और उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट्स 759 हो गई हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ हर्षित राणा का होगा टेस्ट डेब्यू!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। हर्षित राणा को भारत के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए टीम में नहीं जोड़ा गया है, जो मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा। भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने इसकी पुष्टि की है, जिससे दिल्ली के तेज गेंदबाज के सीरीज के अंतिम मैच में डेब्यू करने की सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग दिया गया है। नायर ने कहा कि भारत ने उसी टीम को बरकरार रखा है जो पुणे में दूसरा टेस्ट खेल रही थी। वो मैच टीम इंडिया 113 रनों से हार गई थी, जिससे 12 साल बाद पहली बार भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।

अभिषेक नायर ने बुधवार को मुंबई में प्री–मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, स्वाड में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हर हफ्ता और हर दिन महत्वपूर्ण है। हमने डब्ल्यूटीसी फाइनल के बारे में नेरो माइंड (संकीर्ण) सोच नहीं रखी है। हम इस मैच पर फोकस करना चाहते हैं।

- असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर ने कर दी पुष्टी
- 1 नवंबर से भारत–न्यूजीलैंड में शुरू होगा तीसरा टेस्ट

22 साल के हर्षित राणा पहले से ही रिजर्व खिलाड़ियों में थे। लेकिन उनको दूसरे टेस्ट से पहले रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के असम के खिलाफ मैच के लिए रिलीज किया गया था। राणा ने असम के खिलाफ पहली पारी में 19.3 ओवर में पांच विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 11 ओवर में दो विकेट लिए। पहली पारी में उनके 59 रन ने दिल्ली को पहली पारी की बढ़त दिलाई। दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह ने कहा कि राणा टेस्ट क्रिकेट के लिए रेडी हैं।

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमराह (उप–कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंडः** टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, मार्क चौपमैन, विल यंग, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), अजाज पटेल, मैट हेनरी, टिम साउथी , विलियम ओरुर्के, जैकब डफी।

## विराट कोहली तोड़ेंगे द्रविड़ का रिकॉर्ड!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम ना सिर्फ जीत दर्ज करना चाहेगी, बल्कि इस मैच में 2 बड़े रिकॉर्ड भी बन सकते हैं। पहले 2 टेस्ट जीतकर कीवी टीम ने पहले ही सीरीज अपने नाम कर ली है। ऐसे में आखिरी मुकाबला भारतीय टीम हर हाल में जीतना चाहेगी। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैदान पर भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान विराट कोहली इतिहास रच सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अब तक 5 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 10 पारियों में उन्होंने 18.42 की औसत और 2.90 की इकॉनमी से 38 विकेट चटकाए हैं। 12/167 इस मैदान पर एक टेस्ट में उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन है।

## न्यूज डायरी



### नए कप्तान मोहम्मद रिजवान को भारत के पाकिस्तान आने की उम्मीदें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के नए व्हाइट–बॉल कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा है कि अगर भारतीय क्रिकेट टीम उनके देश में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए आती है, तो उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रिजवान ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय टीम के लिए यहां बहुत प्यार और सम्मान है। उन्होंने कहा कि यहां के फैंस भारतीय क्रिकेटरों को पसंद करते हैं और उन्हें पाकिस्तान में खेलते हुए देखकर बहुत खुशी होगी। अगर वे आएं, तो हम उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। दरअसल, भारतीय टीम ने आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान का दौरा किया था, जब वह एशिया कप के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन उस वक्त श्रीलंका से उसे 100 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से भारत ने एक बार भी पाकिस्तान का दौरा नहीं किया। राजनैतिक तनाव और सुरक्षा के चलते द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध ज्यादातर तटस्थ स्थानों तक सीमित रहे हैं। पाकिस्तान ने हाल ही में भारत का दौरा 2023 वनडे विश्व कप का दौरा किया था। इससे पहले 2012 में उन्होंने एक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला के लिए भारत का दौरा किया था। इस बीच चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान टीम के नए कप्ता मोहम्मद रिजवान ने कहा कि प्रशंसक भारतीय क्रिकेटरों को पसंद करते हैं और अगर वे आएं, तो हम उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।

### वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए किया टीम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपने स्क्वाड की घोषणा कर दी है। शिमरोन हेटमायर की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई, जिन्होंने दिसंबर 2023 में अपना आखिरी वनडे खेला था। हेटमायर को एलिक एथांजे की जगह टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे आज एंटीगा में खेला जाएगा। कैरेबियाई टीम ने श्रीलंका दौरे पर भेजी टीम की तुलना में केवल एक बदलाव किया और एलिक एथांजे की जगह हेटमायर को शामिल किया। पता हो कि हेटमायर ने निजी कारणों से श्रीलंका दौरे पर हिस्सा नहीं लिया था। शिमरोन हेटमायर ने हाल ही में कैरेबियाई प्रीमियर लीग में दमदार प्रदर्शन किया था, जहां वो पांचवें टॉप–रन स्कोरर थे। हेटमायर की वापसी से कैरेबियाई टीम का बल्लेबाजी क्रम मजबूत होगा, जिसके सामने इंग्लैंड की कड़ी चुनौती होगी। वैसे, कैरेबियाई टीम ने पिछले साल इंग्लैंड को 2–1 से सीरीज में मात दी थी और उसकी कोशिश इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराने की होगी। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच सीरीज का पहला मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम पर खेला जाएगा। मेजबान टीम अपने घरेलू स्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड टीम की कमान लियाम लिविंगस्टोन संभालेंगे क्योंकि नियमित कप्तान जोस बटलर पिंडली की चोट से उबरने में जुटे हुए हैं।

### स्मृति मंधाना ने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्मृति मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज का सर्वकालिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत की सीरीज जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने आखिरी वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराते हुए 2–1 से सीरीज अपने नाम की। भारत को 233 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे भारत ने 44.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 232 रन बोर्ड पर लगाए। न्यूजीलैंड ने शुरू में ही सूजी बेट्स (4) का विकेट जल्दी खो दिया। साइमा ठाकोर ने लॉरेन डाउन को आउट कर टीम को दूसरा झटका दिया। कप्तान सोफी डिवाइन 9 रन बनाकर आउट हुईं। जॉर्जिया प्लिम्मर ने 39 रन बनाए। ब्रूक हॉलीडे ने सर्वाधिक 86 रन की पारी खेली। मैडी ग्रीन ने 15 रन का योगदान दिया। आखिर में इसाबेला गेज (25) और ली ताहुहु (24) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट लिए तो वहीं, प्रिया मिश्रा के नाम दो विकेट रही। सायमा और रेणुका के नाम 1–1 विकेट रही। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली वर्मा का विकेट जल्द खो दिया। शेफाली महज 12 रन बनाकर आउट हो गईं।


केदारपुरम स्थित नारी निकेतन बाल सुधार गृह, शिशु सदन के निरीक्षण दौरान डीएम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर किया भावपूर्ण स्मरण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एकीकृत भारत के निर्माण में सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है। सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अटूट समर्पण के माध्यम से अखण्ड भारत का सपना पूरा किया तथा भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का महान कार्य किया।

### पलटन बाजार में 22 कैमरे और 15 एड्स सिस्टम लगेंगे

**संवाददाता** देहरादून। पलटन बाजार से धामावाला तक 15 मुख्य स्थानों पर 22 सीसीटीवी कैमरों के साथ 15 पब्लिक एड्स सिस्टम आउटडोर स्पीकर के साथ लगाए जाएंगे। उपकरणों लिए डीएम सविन बंसल की ओर से पांच लाख तीन हजार 860 रुपये की धनराशि जारी कर दी है। इससे पूर्व सीसीटीवी कैमरे लगाने को पुलिस को 12 लाख दिए जा चुके हैं। बाजार में व्यापारियों महिलाओं, आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए डीएम ने एसएसपी अजय सिंह के साथ निरीक्षण किया था। पुलिस विभाग से प्रस्ताव प्रस्तुत होते ही जिलाधिकारी ने रुपए 1205606 मात्र की धनराशि जारी कर दी गई थी।

### ऊर्जा निगम कर्मचारियों को बोनस, डीए का लाभ

**संवाददाता** देहरादून। ऊर्जा निगम में कर्मचारियों को बोनस और महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एमडी यूपीसीएल की ओर से बुधवार को विधिवत आदेश जारी किए गए। नियमित कर्मचारियों के साथ ही उपनल, स्वयं सहायता समूहों के कर्मचारियों को भी बोनस और महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। कर्मचारी संगठनों ने इसके लिए मैनेजमेंट का आभार जताया।

### बीकानेर मिष्ठान भंडार बना लोगों की पहली पसंद

**संवाददाता** देहरादून। सीमाद्वार स्थित राधे बीकानेर मिष्ठान भंडार में इन दिनों दीपावली पर विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। जिसके कारण राधे बीकानेर मिष्ठान भंडार लोगों की पसंद बन गया है। दून के सीमाद्वार स्थित शोरूम का उद्घाटन स्थानीय विधायक सविता कपूर ने किया। उन्होंने शुरुआत करते हुए कहा कि राजस्थान की खुशबु के साथ यहां बेहतर कलेक्शन लोगों को उपलब्ध होगा। बीकानेर मिष्ठान भंडार के प्रो. भूर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि लोगों में बीकानेर की क्वालिटी को लेकर विश्वास है।

# स्थानीय आजीविका बढ़ाने में अहम भूमिका निभायेगा यह समझौता: सीएम

**एमओयू**

- स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति के लिए उत्तराखण्ड सरकार और आईटीबीपी के बीच हुआ एमओयू
- इससे सालाना 200 करोड़ के कारोबार का है अनुमान



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा की उपस्थिति में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड सरकार और आईटीबीपी के मध्य समझौता किया गया। वाइब्रेंट विलेज योजना के अन्तर्गत आईटीबीपी की उत्तराखण्ड में तैनात वाहिनी के लिए स्थानीय उत्पादों जिन्दा बकरी भेड़, चिकन और मछली की आपूर्ति के लिए किये गये समझौता ज्ञापन पर उत्तराखण्ड शासन से सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम और आईटीबीपी से आईजी श्री संजय गुंज्याल ने हस्ताक्षर किये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस समझौते से जहां स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका बढ़ेगी, उन्हें लगेगा कि किसी न किसी रूप में हम देश की सुरक्षा से जुड़े हैं। इससे स्थानीय लोगों का आईटीबीपी के साथ सम्पर्क भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोग देश के प्रहरी हैं। राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आईटीबीपी ब्रांड एंबेसडर की भूमिका में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में रहे। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी को सब्जियां, दूध, पनीर, अण्डा की आपूर्ति की व्यवस्था भी राज्य से किये जाने की दिशा में योजना बनाई जाए।

पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पशुपालकों और मत्स्य पालकों की आजीविका में वृद्धि के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी।

इस समझौते से प्रदेश की लगभग 80 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 11 हजार से अधिक पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। जिसमें प्रमुख रूप से 7 हजार महिलाएं शामिल हैं। भेड़–बकरी पालकों में 10 हजार पशुपालक, कुरकुट की आपूर्ति से लगभग 800 से अधिक एवं मछली आपूर्ति के लिए 500 से अधिक मछली पालकों को इसका लाभ मिलेगा। उत्तराखण्ड में यह पहला मौका है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में भेड़, बकरी, मछली एवं मुर्गीपालकों को विपणन हेतु बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे सालाना 200 करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर एवं आईटीबीपी के अधिकारी उपस्थित थे।

### हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद खरीदेंगे सभी विभाग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार के अधीन सभी विभाग और कार्यालयों की बैठकों, आयोजनों के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद खरीदे जाएंगे। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखंड के महिला स्वयं सहायता समूहों, किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों का कॉमन ब्रांड है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री मोदी के हाथों हुआ है।

सचिव राधिका झा ने बताया कि ग्राम्य विकास विभाग के अधीन संचालित हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड अपने गुणवत्ता को लेकर भी कम समय में पहचान बनाने में कामयाब रहा है। हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद ई कॉमर्स पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की ओर से बुधवार को सभी विभागों ओर कार्यालयों प्रमुखों को पत्र लिखकर, विभिन्न विभागीय और कार्यालय की बैठकों, कार्यक्रमों, समारोहों और होली, दिवाली जैसे मुख्य त्यौहारों के मौके पर हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने को कहा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी में तेजी आने की उम्मीद है।

# रोपवे विकास के प्रोजेक्ट्स में तीव्रता से प्रगति होगी: सीएस

**निर्देश**

- ब्रिडकुल को रोपवे विकास को राज्य सरकार की नोडल एजेंसी बनाए जाने को कार्यवाही के निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने ब्रिडकुल को रोपवे विकास हेतु राज्य सरकार की नोडल एजेंसी बनाए जाने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए।

उत्तराखण्ड में रोपवे विकास के नितांत महत्व को देखते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने रोपवे विकास हेतु राज्य सरकार की एकमात्र नोडल एजेंसी के निर्धारित किए जाने के सम्बन्ध में सचिवालय में आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, पेयजल, सिंचाई व ब्रिडकुल के साथ विस्तृत चर्चा की।

मुख्य सचिव ने राज्य में रोपवे इन्फ्रास्ट्रक्चर के सम्पूर्ण विकास, कन्सलटेंसी, टेक्नीकल व अन्य सम्बन्धित सेवाओं के लिए ब्रिडकुल को विशेषज्ञ एजेंसी घोषित किए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित विभागों व हितधारकों की सहमति लेते हुए अग्रेतर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में ब्रिडकुल रोपवे एवं अन्य निर्माण कार्यों में विशेषज्ञता, अनुभव एवं पर्याप्त मानव संसाधन रखती है। ब्रिडकुल के अनुभवों एव विशेषज्ञता का लाभ रोपवे विकास में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे रोपवे विकास के प्रोजेक्ट्स में तीव्रता से प्रगति सुनिश्चित होगी।

बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, पंकज कुमार पाण्डेय, धीराज गबर्याल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सहकारिता की संपत्तियों की होगी जीआईएस मैपिंगः जावलकर

**संवाददाता** देहरादून। सहकारिता विभाग की परिसंपत्तियों की जीआईएस मैपिंग की जाएगी। बुधवार को दून सहकारी बाजार के निरीक्षण के दौरान सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर ने निर्देश दिए। सचिव जावलकर ने दून सहकारी बाजार के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। कहा कि इससे सहकारी बाजार की स्थिति सुधरेगी। आस पास के क्षेत्र की पार्किंग का समस्या का समाधान होगा। कहा कि कोऑपरेटिव की सभी परिसम्पत्तियों की सूची बना कर जीपीएस मैपिंग की जाए। उन्होंने 3.11 एकड़ जमीन पर जीएमएस रोड में बने दो गोदामों का भी निरीक्षण किया। यहां कमर्शियल गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर निबंधक ईरा उप्रेती, उत्तराखंड सहकारी संघ की एमडी रमिन्द्री मंद्रवाल, उप निबन्धक भूपेंद्र गोयल, एआर देहरादून डॉ. बीएस मनराल, एडीसीओ सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, एडीसीओ रेनू भारद्वाज, डीजीएम डीसीबी देहरादून सुशान्त, सहकारी परियोजना के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।